हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]





किसान भाईयों के लिए न्यू हॉलैण्ड दे रहा
अद्भुत, अविश्नीय सौगात पहली बार
NEW HOLLAND
नवरात्रि पर्व
की हार्दिक बधाई
पहले आओ - पहले पाओ
उपहार योजना प्रथम 10 किसानों के लिए
उपहार योजना केवल
चैत्र नवरात्र तक
3230 NX
3230 TX
3037 TX
3032 TX
प्रत्येक ट्रेक्टर की खरीदी पर
दो चक्का ट्राली फ्री
ट्रैक्टर के साथ आरटीओ, इंश्योरेंस, एसेसिरीज
न्यू हॉलैण्ड हार्वेस्टर
बुकिंग पर स्कूटी फ्री
* स्कीम केवल नयी गाड़ी लेने पर, एक्सचेंज में लागू नहीं
*नियम एवं शर्तें लागू
TM
त्रिमूर्ति मोटर्स
पुराना बटालियन रोड,
राइस मिल के पास सकरी, बिलासपुर
मो. 7000261672

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 20.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026




भक्त कंवरराम गेट के सामने नाली में घुसी कार।



## खबर संक्षेप

### कोरबा-इतवारी स्पेशल का परिचालन 23 से

**बिलासपुर।** नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ में स्टापेज के लिए रेल प्रशासन ने कोरबा से इतवारी के बीच एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है, जिसका परिचालन 23 से 28 मार्च तक किया जाएगा। 06883/06884 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से कोरबा के बीच ट्रेन सुबह 5 बजे रवाना होकर शाम 19.30 बजे कोरबा और कोरबा से ट्रेन सुबह 5.10 बजे रवाना होकर शाम 19.30 बजे इतवारी पहुंचेगी। ट्रेन का स्टापेज कलमना, कामटी, कन्हान, सालवा, चार्चेर, तारसा, रेवताल, खात, भंडारा रोड, गोंदिया के बाद 9.06 से 9.11 बजे तक डोंगरगढ़ में, बिलासपुर में 16.00 बजे से 16.10 बजे तक दिया जाएगा। वहीं कोरबा से ट्रेन रवाना होने के बाद बिलासपुर स्टेशन में 7.25 से 7.35 बजे तक स्टापेज के बाद डोंगरगढ़ 13.41 से 13.46 बजे तक रोकी जाएगी।

### दो दिन रद्द रहेगी बिलासपुर-शहडोल मेमू

**बिलासपुर।** जोनल स्टेशन बिलासपुर से शहडोल के बीच चलने वाली लोकल मेमू का परिचालन दो दिन के लिए रद्द किया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत पेण्ड्रारोड स्टेशन पर ईस्ट वेस्ट कारीडोर में गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच 135 किलोमीटर की कनेक्टिविटी के कमीशनिंग का कार्य होगा। इस कार्य के लिए संयुक्त प्री नॉन इंटरलाकिंग एवं नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 21 व 22 मार्च को 68740/68739 बिलासपुर से शहडोल और शहडोल से बिलासपुर के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर रद्द है।

122 किलोमीटर तक पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी, चार सड़कों को फिर से खोदा जाएगा

# पेयजल संकट से निपटने 28 करोड़ की नई योजना, 11 नई पानी टंकियां बनेंगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के साथ ही निगम में नए जुड़े वार्डों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 15 वें वित्त आयोग से 28 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से निगम 11 नई पानी टंकियां बना रहा है तो 122 किलोमीटर की पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। दो साल में पूरा काम होने का टारगेट रखा गया है जिसमें से 6 महीने गुजर चुके हैं। जाहिर है इस गर्मी में भी बहतराई, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, देवरीखुर्द और सिरगिट्टी, कोनी, घुरू - अमेरी जैसे क्षेत्रों में जलसंकट गहराएगा। हालांकि निगम का दावा है कि कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। खास बात है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई एक बार फिर से की जाएगी।

दरअसल शहर में गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने अमृत मिशन योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार की योजना बनाई है। इसके तहत शहर की चार प्रमुख सड़कों पर खोदाई कर नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। लोक निर्माण विभागने नगर निगम के आवेदन के आधार पर रोड कटिंग के लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद बहतराई, राजकिशोर नगर और सिरगिट्टी जैसे बड़े इलाकों में जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। नेशनल हाईवे के दायरे में आने वाली चार प्रमुख सड़कों पर पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क की खोदाई की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने पीडब्ल्यूडी को विस्तृत कार्ययोजना भेज दी है। पीडब्ल्यूडी को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत और पुनर्स्थापना का काम अनुबंधित फर्म द्वारा कराया जाएगा, ताकि आम लोगों को आवागमन में ज्यादा परेशानी न हो।

**यहां बन रहीं 11 नई पानी**

| | |
|---|---|
| बहतराई | - 1 |
| घुरू | - 1 |
| अमेरी | - 1 |
| कोनी | - 2 |
| खमतराई | - 2 |
| लिंगियाडीग | -2 |
| सकरी | - 2 |



**इस गर्मी में लेकिन बढ़ेगी परेशानी**

बहतराई, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, देवरीखुर्द और सिरगिट्टी की टंकिया बिरकोना से जुड़ेंगी।

### इन मार्गों पर बिछेगी नई पाइपलाइन

**राजकिशोर नगर क्षेत्रः** पटवारी प्रशिक्षण केंद्र से राजकिशोर नगर तक पाइपलाइन बिछेगी

**देवरीखुर्द मार्गः** पावर हाउस चौक से देवरीखुर्द मोड़ तक सड़क खोदाई कर पाइपलाइन डाली जाएगी

**बहतराई क्षेत्रः** बहतराई चौक से खेल परिसर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक नया जल नेटवर्क जोड़ा जाएगा

**सिरगिट्टी क्षेत्रः** गणेश नगर चौक से फदहाखार सिरगिट्टी तक पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा।

### दो साल में पूरा होगा काम

15 वें वित्त आयोग से 28 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से निगम 11 नई पानी टंकियां बना रहा है तो 122 किलोमीटर की पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी। दो साल में पूरा काम होने का टारगेट रखा गया है जिसमें से 6 महीने गुजर चुके हैं। समय से पहले काम पूरा कर लिया जाएगा।

- **अनुपम तिवारी**, नोडल अधिकारी

# नगर निगम का बजट 1 हजार 90 करोड़ का होगा, चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में बजट को लेकर तैयारी चल रही है। इसी माह के भीतर निगम का बजट पेश होना है, इसलिए जल्द ही मेयर इन कौसिंल एमआईसी की बैठक बुलाई जाएगी, उसके बजट पास होने के बाद सामान्य सभा में अनुमोदन के लिए बजट रखा जाएगा।

- **एमआईसी के बाद सामान्य सभा में रखा जाएगा बजट**

नगर निगम में इस बार 1 हजार 90 करोड़ के आसपास अनुमानित बजट होगा, क्योंकि पिछले साल इसके करीब का बजट पास किया गया था। इस बार बजट के लिए नगर निगम के सभी विभागों से प्रस्ताव मंगाए गए थे और अधिकांश विभागों से प्रस्ताव आ भी गए हैं। बजट तैयार करने का काम निगम का वित्त विभाग द्वारा किया जा रहा है। बजट तैयार होते ही शीघ्र ही एमआईसी की बैठक बुलाया जाएगा, जिसमें बजट को चर्चा के लिए रखा जाएगा। किसी तरह का संशोधन होगा तो उसे एमआईसी द्वारा लौटा दिया जाएगा, नहीं तो एमआईसी में बजट पास हो जाएगा। उसके बाद बजट सामान्य सभा में रखा जाएगा। चूंकि मार्च महिना वित्तीय वर्ष का आखिरी माह होता है और बजट इसी माह में पेश होता है इसलिए बजट के लिए विशेष सम्मेलन बुलाया जा सकता है। क्योंकि सामान्य सभा बुलाने के लिए पर्याप्त समय लगता है जबकि विशेष सम्मेलन तीन दिनों के शार्ट नोटिस पर आयोजित किया जा सकता है।





### पिछले साल अप्रैल में पेश हुआ था बजट

पिछले साल नगरीय निकाय चुनाव हुआ था इसलिए निगम के बजट में थोड़ा विलंब हुआ था। नगरीय निकाय चुनाव से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण में ही फरवरी से लेकर मार्च का समय लग गया था। इसलिए नगर निगम में पिछले साल अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में बजट बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें निगम का बजट पास हुआ था।

## पारा कम होने से गर्मी से मिली थोड़ी राहत



**बिलासपुर।** मौसम ने करवट बदल ली है, पिछले दो दिनों से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की कमी आई है, जिसके चलते गर्मी से थोड़ी राहत मिल रही है। गुरूवार को भी अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सुबह व दोपहर को 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चल रही थी, जिससे लोगों ने राहत महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती हवाओं का प्रभाव प्रदेश में देखा जा रहा है, इस दौरान प्रदेश के कई जिलों में ओला गिरने की बात सामने आई है, वहीं 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के चलते आम के फसल को नुकसान होना तय है, मौर गिरने की वजह से आम पेड़ से गिर रहे हैं, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि मार्च माह में ही 40 डिग्री के आसपास पहुंचे तापमान के कारण चक्रवाती हवाओं का रूख प्रदेश की ओर हो चुका है। इस दौरान जिले में भी बुंदाबांदी होने की आशंका बनी हुई है। फिलहाल 2 दिनों तक मौसम में कुछ खास फेरबदल के आसार नहीं है लेकिन इसके बाद एक बार फिर गर्मी के सितम सहने पड़ सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### छुट्टी के दिन भी खुलेंगे उप पंजीयन कार्यालय

**मुंगेली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में नागरिकों की सुविधा और शासकीय राजस्व संग्रहण को ध्यान में रखते हुए जिले के उप पंजीयन कार्यालय 22 मार्च रविवार, 28 मार्च शनिवार, 29 मार्च रविवार और 31 मार्च महावीर जयंती के दिन भी खुले रहेंगे। इन दिनों में भी दस्तावेजों का पंजीयन कार्य नियमित रूप से जारी रहेगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए कहा कि, अवकाश के दिनों में भी जिले के तीनों उप पंजीयक कार्यालयों में पंजीयन की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वित्तीय वर्ष के अंत में होने वाले राजस्व संग्रहण में कोई बाधा न आए। जिला पंजीयक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह पूर्ण होने में मात्र कुछ ही दिवस शेष हैं, ऐसे में अवकाश के दिनों में भी पंजीयन का कार्य किया जाएगा।

### कचरा संग्रहण व निपटान को लेकर प्रशिक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ प्लस गांवों के स्थायित्व तथा ई-श्रम एवं श्रमिक कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा संग्रहण, अपशिष्टों के पृथक्करण एवं उनके सुरक्षित निपटान की तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाए रखने के साथ-साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के शत-प्रतिशत पंजीयन और ई-श्रम कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर एपीओ लक्ष्मीकांत कौशिक सहित तकनीकी विशेषज्ञ, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक, सरपंच, पंचायत सचिव, स्वसहायता समूहों के सदस्य, मितानिन एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### सरदार कृपाल सिंह बाली



**बिलासपुर।** नेहरू नगर पारिजात कालोनी निवासी सरदार कृपाल सिंह बाली का 18 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बटीं सिंह बाली, तेजिन्दर सिंह बाली, गुरजीत सिंह बाली के पिता, सन्नी बाली, केजी बाली के दादा थे।

### रेणु राय



**बिलासपुर।** आर- 8 विनोबा नगर निवासी रेणु राय का 19 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 मार्च को सुबह 9 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अभिषेक राय की पत्नी एवं नागेन्द्र कुमार राय की पुत्रवधु थीं।

### परदेसी श्रीवास



**मोपका।** वार्ड क्रमांक 47 पंडित राम गोपाल तिवारी नगर मोपका के प्रतिष्ठित नागरिक व सामाजिक कार्यकर्ता परदेसी श्रीवास का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मोपका में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे संजय अजय के पिता व विदेशी तथा अमरनाथ के बड़े भाई थे।

## बिलासपुर के साथ रायपुर और नागपुर डिवीजन में यात्री ट्रेनें लगातार रद्द

# ट्रेन रद्द और लेट... फिर भी यात्रियों से रेलवे ने कमाए 1 हजार 359 करोड़

**एसईसीआर का वित्तीय वर्ष का आंकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीआर के बिलासपुर के साथ रायपुर और नागपुर डिवीजन में आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी के अलावा लगातार ट्रेनों को रद्द किया गया, जिससे लाखों की संख्या में यात्री भी परेशान हुए। इसके बाद भी रेल प्रशासन ने यात्रियों से 17 मार्च तक 1359.04 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष से दो गुना अधिक है।

कोरोना काल के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में चौथी लाइन के साथ बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा तक तीसरी लाइन का काम, बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम किया गया। इस रेल लाइन के साथ इलेक्ट्रिफिकेशन, सिग्नल एंड टेली कम्यूनिकेशन व अन्य अधोसंरचना के भी कार्य किए गए। इन कार्यों के दौरान कुछ नए स्टेशनों को बनाने के अलावा आरओबी और आरयूबी का निर्माण किया गया। यह कार्य अभी भी निर्माणाधीन है। इसके कारण यात्री ट्रेनों को प्रतिमाह रद्द करने के साथ लाखों की संख्या में यात्रियों का सफर भी प्रभावित हुआ। कई यात्रियों ने इमरजेंसी में बाहर जाना भी केंसिल कर दिया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 400 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, दूरंतो, जनशताब्दी, पैसेंजर और मेमू के पहियों को रोका गया। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान ट्रेनों को रद्द करने के साथ लेट लतीफी के बावजूद एसईसीआर के कामर्शियल विभाग ने एसी, स्लीपर और जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों से 1330.70 करोड़ रुपए कमाया। वहीं वर्ष 2025-26 के दौरान राजस्व अर्जन में उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक का सर्वाधिक ओरिजिनेंटिंग पैसेंजर रेवेन्यू यानि 17 मार्च 2026 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्री यातायात से 1359.04 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। इसमें यात्रियों की संख्या और मांग को देखते हुए स्पेशल ट्रेन का संचालन किया गया। इस दौरान टीओडी ट्रेन ऑन डिमांड के तहत 116 ट्रिप यानि 26 आरक्षित ट्रेन एवं 36 ट्रिप 8 अनारक्षित ट्रेनों का परिचालन किया गया है।

### लक्ष्य था 1348.06 करोड़ का

रेलवे के अनुसार एसईसीआर हावड़ा-मुम्बई मुख्य मार्ग के बीच का हिस्सा है। दो मेट्रो स्टेशनों के बीच चलने वाली ट्रेनों का स्टापेज एसईसीआर के बिलासपुर, रायपुर, नागपुर डिवीजन के ज्यादातर स्टेशनों में होता है, जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 1359.04 करोड़ रुपए की कमाई की है, जबकि बोर्ड से एसईसीआर को लक्ष्य 1348.06 करोड़ रुपए का दिया गया था।

### 18.7 फीसदी की वृद्धि

राजस्व वृद्धि में अनारक्षित श्रेणी के लिए सफर का विशेष योगदान रहा, जिसमें 55 करोड़ रुपए 18.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पूरे रेलवे में सर्वाधिक वृद्धि प्रतिशत में से एक है। आरक्षित श्रेणी में सफर के लिए 26 करोड़ रुपए 2.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। कुल मिलाकर 82 करोड़ रुपए 6.6 फीसदी की वृद्धि की तुलना में और 65 करोड़ रुपए 5 फीसदी की वृद्धि आनुपातिक लक्ष्य की तुलना में हासिल की गई है।

## स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से तीन बच्चे चोटिल



**लोरमी।** वनाचंल के ग्राम तिलईडबरा में अचानक छत का प्लास्टर गिरने से 3 लोग चोटिल हो गए। मामले पर संज्ञान लेते हुए बीईओ मनीषा पाटले त्वरित एक्शन में आईं शास हायर सेकेंड्री खुड़िया प्राचार्य व छपरवा समन्यवक की संकुल स्तरीय जांच टीम गठित कर मामले में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। मामले में स्कूल के प्राधान पाठक कृष्णभान सिंह को नोटिस जारी किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर 1:30 बजे बच्चे खाना खाने के बाद शाला परिसर के बरामदे में खेल रहे थे, इसी दौरान छत से पपड़ी का टुकड़ा गिरा, जिसमें बच्चों को मामूली चोट आई। इस पर प्रधान पाठक तत्काल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए स्कूल के शिक्षक ने भवन के जर्जर हिस्सों से प्लास्टर गिराया। वर्तमान में शाला का संचालन शिक्षक के घर में किया जा रहा है। मामले से बीईओ व डीईओ जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। गौरतलब हो कि, कलेक्टर व विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रारंभ के समय से ही समस्त शिक्षकों को जर्जर भवन में शाला संचालन नहीं करने को लेकर पूर्व में ही निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद ऐसी लापरवाही कई सवाल खडे करती है।

## कविता-कहानी लेखन में उम्दा प्रदर्शन, 6 प्रतिभागी सम्मानित



कविता लेखन प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

**मुंगेली।** रायपुर साहित्य महोत्सव-2026 के अंतर्गत पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित जिला स्तरीय कहानी लेखन एवं कविता लेखन प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभागियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में चयनित जिले के 6 प्रतिभागियों को सम्मान स्वरूप चेक प्रदान किया गया। इन 6 सभी प्रतिभागियों को कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट में चेक वितरित कर सम्मानित किया, इनमें नवीन कन्या महाविद्यालय मुंगेली की छात्र आंचल खांडे एवं लक्ष्मी कुर्रे, शासकीय एसएनजी कॉलेज मुंगेली की छात्र जमुना सिंह ठाकुर, जेपीएम कालेज मुंगेली की रंजीता साहू, राजीव गांधी शासकीय आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज की छात्र पुष्पा पाटले और भारती जायसवाल शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता और साहित्यिक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में लेखन कौशल को निखारने के साथ-साथ उनकी अभिव्यक्ति क्षमता को भी मजबूत बनाती हैं। कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रतिभागियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और उन्होंने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी और प्रतिभागियों के परिजन मौजूद रहे।

## सुपोषण चौपाल में गोद भराई व अन्नप्राशन

**बेलगहना।** महिला बाल विकास के अंतर्गत ग्राम पंचायत सत्तीबहरा में 'सुपोषण चौपाल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन एवं बाल भोज आदि गतिविधियां संपन्न हुईं। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर ने हितग्राहियों को स्वास्थ पोषण आहार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में ललिता यादव, सरस्वती शर्मा, उपस्थित रहीं।



प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में बाल संदर्भ शिविर- बेलगहना प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में बेलगहना में 'बाल संदर्भ शिविर' का आयोजन हुआ, जिसमे सात पंचायत बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर सेक्टर प्रभारी कीर्ति किरण नोर्गे सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं हितग्राही उपस्थित रहे। इस दौरान डाक्टर्स ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सात बच्चों को एनआरसी बिलासपुर रेफर किया गया एवं बच्चों को प्रोटीन पाउडर एवं सिरप का वितरण किया गया।

## माहवारी स्वच्छता विषय जागरूकता कार्यक्रम



**मुंगेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में किशोर स्वास्थ्य एवं वेलनेस दिवस के अवसर पर माहवारी स्वच्छता विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं आत्मसम्मान के प्रति जागरूक किया गया। डॉ मनीष बंजारा ने बताया कि माहवारी कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे समझने और अपनाने की आवश्यकता है। कई बार जानकारी के अभाव और सामाजिक संकोच के कारण किशोरियां आवश्यक सावधानियां नहीं रख पातीं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इसी संकोच को दूर कर एक सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित किशोरियों को स्वच्छ सैनिटरी नैपकिन के उपयोग, नियमित साफ-सफाई, संतुलित आहार एवं संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती है। इस अवसर पर मिथलेश राठौर, सुनीता मिरि, जलेश्वरी मिरि, मोनिका जांगड़े, सुधा, त्रिवेणी किशोर, संतोष, अंकिता एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## वर्चुअल बैठक में मकान सूचीकरण गणना के कार्यों की समीक्षा

**मुंगेली।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं भवनों की गणना कार्य की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप जिले में चल रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है तथा मकान सूचीकरण ब्लॉकों का गठन किया जा रहा है। साथ ही जनगणना पोर्टल पर मैपिंग का कार्य भी प्रगति पर है, जिससे आंकड़ों के संकलन में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में बताया गया कि, स्वगणना का कार्य 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया जाएगा। इसके पश्चात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 से 30 मई तक संपादित किया जाएगा। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुन्दन कुमार ने कहा कि, जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी स्तरों पर समन्वय और सतर्कता के साथ कार्य किया जाएगा, ताकि जिले के सटीक आंकड़े समय पर उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## माता-चौरा में जगमगाए ज्योति कलश



**बेलतरा।** चैत्र नवरात्रि पर ग्राम नेवसा के मां महामाया देवी माता चौरा एवं बइया महादेव पर ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। यहां प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि एवं चैत्र नवरात्रि में ज्योति कलश जगमगाता है। ग्राम के बैगा माता-चौरा की पूजा की जिम्मेदारी रोहित धीवर की रहती है एवं नौ दिन अखंड ज्योति कलश का ध्यान रखना पड़ता है। इस दौरान पूरे गांव के लोग भक्ति में डूबे रहते हैं।

## दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार हेतु कार्यशाला



कार्यशाला में शामिल अधिकारी–कर्मचारी।

**मुंगेली।** जिले में प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित कार्यशाला में बेहतर समन्वय के साथ योजना का क्रियान्वयन कर पीड़ितों का त्वरित उपचार सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, पीएम राहत योजना का उद्देश्य किसी भी दुर्घटना पीड़ित को तत्काल उपचार एवं राहत सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि, दुर्घटना के समय डॉक्टर और पुलिस फर्स्ट रिस्पॉन्डर होते हैं, इसलिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कलेक्टर ने आम नागरिकों से भी अपील की कि, दुर्घटना की स्थिति में वीडियो बनाने के बजाए घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित मदद से किसी की जान बचाई जा सकती है। अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि, पीएम राहत योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को बेहतर तालमेल के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक दुर्घटना पीड़ित को समय पर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर ने कहा कि, पीएम राहत योजना गरीब तबके को त्वरित उपचार एवं राहत के लिए है। उन्होंने पुलिस एवं चिकित्सकों को घायल को समय पर इलाज उपलब्ध कराने की बात कही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गोल्डन आवर के महत्व को बताते हुए कहा कि, दुर्घटना के तुरंत बाद का समय उपचार के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है।

इस दौरान यदि घायल को समय पर उचित इलाज मिल जाए, तो उसकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1.50 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

## बच्चों में छिपी प्रतिभा पहचानने एसएसपी का सराहनीय कदम



**जरहागांव।** क्षेत्र में बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने के उद्देश्य से जरहागांव थाना परिसर में एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और समाज के लोगों को मिलकर एक नई सोच को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि, प्रतिभा हर बच्चे में होती है, लेकिन उसे सही दिशा, अवसर और सहयोग की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से 'पहल की प्रयास- प्रतिभा की तलाश' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत विशेष रूप से कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस पहल की सबसे खास बात यह रही कि, इसमें अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए आर्थिक सहयोग देने की भी सहमति जताई, ताकि बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। यह सहयोग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बीट निर्माण व्यवस्था के माध्यम से गांव-गांव में बच्चों की प्रतिभा खोजने और उन्हें मंच देने की योजना पर भी जोर दिया।

## नहर निर्माण के लिए चल रहा सर्वे का काम

**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा परिक्षेत्र के किसानों की ओर से लम्बे समय से नहर के निर्माण की मांग लेकर अनेको बार कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया जा चुका है। मुंगेली सम्बंधित विभाग के इंजीनियर ने पंडरिया बकेला, कुबा और लगरा से नहर निर्माण के लिए सर्वे कार्य चल रहा है।



नहर निर्माण के लिए जुटे कृषक।

सेतगंगा परिक्षेत्र में किसानों ने नहर निर्माण को मांग को लेकर अनेकों बार कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया जा चुका है एवं जनप्रतिनिधि को भी लिखित रूप से एवं मौखिक रूप से भी जानकारी दी गई है। साथ ही 18 दिसम्बर को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भी आवेदन दिया गया है। संबंधित विभाग के इंजीनियर ने पंडरिया बकेला, कुबा रेंगा बोड, लगरा से नहर निर्माण के लिए सर्वे कार्य चल रहा है। क्षेत्रीय किसानों की मानें तो, हाफ नदी रेंगाबोड़ डायवर्सन भुवालपुर से बाएं एवं दाएं नहर मार्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम भुवालपुर, बाघर्रा, महका, बीजातराई, सिंगारपुर, दुल्लापुर, पंडोतरा, सारंगपुर, सेतगंगा, गोरखपुर, सिपाही, बोदा, परसवारा, मदनपुर, सिल्ली, दामापुर, भालापुर, दाबो, जुझारभाटा, चमारी, बिजोरी, गोपतपुर, शीतलदह, कुपवा, बगनीकापा, बाघामुंडा, कापा, फदवानी, रमईपुर, बहरपुर तथा भुवालपुर से दाएं नहर मार्ग अंतर्गत ग्राम सेन्हाभाटा, औडाडबरी, केशली, लालपुर, माराडबरी, सनकपाट, मौहार, सुकलाभाटा, रसपालपुर, केहरपुर, सोनपुरी, नागोपहरी, बिचारपुर, उदकानवागांव, चुचरुंगपुर, मानपुर, भीमपुरी, बोधीपारा, हरिहरपुर, झिटकनियां, ठाकुरकापा, तरवरपुर, छुईहा, सितलकुंडा, कारेसरा, तालम, फास्टपुर, नकटापारा, फागुपारा, टेड़ाधोरा, उछलापुर, लछनपुर एवं कंचनपुर सहित आसपास के अन्य गांवों को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इस नहर के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ मिलेगा तथा भविष्य में इस नहर को आगे मुंगेली तक विस्तारित किया जा सकता है।






हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# हिन्दू नववर्ष पर आकर्षक झांकी व बाजे-गाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

हिन्दू नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को पुलिस ग्राउण्ड से आकर्षक झांकी व बाजे-गाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की 17 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा ने अगुवानी की। वहीं 12 फीट का गणेश, बनारस से लाई गई विशेष झांकी एवं 10 बग्गियों में जीवंत झांकी आकर्षण की केंद्र रही।



## आकर्षक 17 फीट ऊंची श्रीराम की प्रतिमा 12 फीट के भगवान गणेश रहे दर्शनीय

**बिलासपुर।** शोभायात्रा पुलिस ग्राऊण्ड से आरंभ होकर सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग, तारबाहर नाका, पुराना हाईकोर्ट रोड, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, कोतवाली चौक, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुए तिलक नगर, देवकीनंदन चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची।

यहां महाआरती कर 10 क्विंटल प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में तखतपुर का अखाड़ा, रामधुन मण्डली, चलित आर्केस्ट्रा, ढोल बैण्ड, रामपुर का कर्मा नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाच, महारानी लक्ष्मीबाई और महाराणा प्रताप घोड़े पर सवार होकर साथ-साथ चल रहे थे। यह भी शोभायात्रा की ऐतिहासिक झांकी का हिस्सा रहा। डेढ़ सौ वालेंटियर वाकी टाकी से व्यवस्था सुचारू की गई। खास बात यह रही कि खाटू श्याम की भव्य झांकी जिसे फूलों से सजाने कोलकाता से विशेष कारीगर बुलाए गए थे, भी शोभायात्रा में शामिल रही। झांकी के साथ चल रहे श्याम भक्तों ने निशान को हनुमान मंदिर तिलकनगर में अर्पित की।

### भगवामय रहा शहर, दिखा उत्साह

शोभायात्रा के मद्देनजर देवकीनंदन चौक, हनुमान मंदिर तिलकनगर परिसर सहित शहर के अन्य चौक-चौराहों को भगवा कलर से सजाया गया था। शोभायात्रा में शामिल लोग भी भगवा कलर के कपड़ों में रहे। इससे पूरा शहर भगवामय रहा। शोभायात्रा को लेकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं सहित अन्य सभी लोगों में काफी उत्साह रहा।

## राम मंदिर में गुड़ी पूजन व स्थापना, डॉ.योगेश्वर का कीर्तन आज से



राममंदिर तिलकनगर में मराठी गुड़ी पड़वा व राम जन्मोत्सव 19 से 26 मार्च तक मनाया जाएगा। पहले दिन गुरुवार को सुबह गुड़ी पूजन, स्थापना कर आरती की गई। 20 से 25 मार्च तक प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक विशेष कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। प्रसिद्ध राष्ट्रीय कीर्तनकार डॉ योगेश्वर उपासनी कीर्तन पेश करेंगे। कार्यक्रम का समापन 26 मार्च को सुबह 10 बजे श्रीराम जन्मोत्सव व कीर्तन के साथ होगा।



## पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत

हिंदू नववर्ष पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस मौके पर सिटी कोतवाली चौक पर नागरिक बैंक के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन संजय दुबे, अनिल खंडेलवाल द्वारा पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया।

## शोभायात्रा का सराफा एसोसिएशन ने किया भव्य स्वागत




भारतीय नव संवत्सर (हिंदू नव वर्ष) के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का सराफा एसोसिएशन द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व में सराफा व्यापारियों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ राम भक्तों और शोभा यात्रा का अभिनंदन किया। अध्यक्ष ने हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि नववर्ष हमारी गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। सराफा एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस शोभा यात्रा का स्वागत किया है। हम सभी के सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। शोभा यात्रा सदर बाजार सराफा के मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही अध्यक्ष कमल सोनी और एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पूरे बाजार को भगवा ध्वजों , आकर्षक लाइट और फूलों से सजाया गया था, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल व शरबत के स्टॉल लगाए गए थे।



## तेलुगू समाज ने मनाया उगादी महोत्सव

तेलुगू समाज के द्वारा गुरुवार को शिव पार्वती गार्डन हेमू नगर में तेलुगू नववर्ष उगादी महोत्सव बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास से बनाया गया है। कोषाध्यक्ष जी रवि कन्ना ने बताया की सुबह 9 बजे से रात्रि 11 बजे तक नववर्ष उगादी महोत्सव में प्रतियोगिता, रंगारंग कार्यक्रम, बुर्जुगों का सम्मान एवं अन्य कई कार्यक्रम किए गए। इस मौके पर कान्हा अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी,भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, पार्षद श्रीराव, सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस दौरान वर्ष 2024-25 में सीजी एवं सीबीएससी परीक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त प्रतिभाशाली समाज के छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथों से सम्मान दिया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव, सचिव जे जगन पटनायक, बी मोहन राव, ए ईश्वर राव, के वेंकट राव, एस श्रीनिवास राव, व्ही रवि, कमलेश करी, एन संतोष, पी भीष्मा, बुड्डा रामाराव अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## आंध्र समाज ने राटा पूजा के साथ रामनवमीं महोत्सव का किया आगाज

### यजमान रामाराव ने की सपत्नीक पूजा

आंध्र समाज ने रेलवे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी स्थित दुर्गा पंडाल में श्री रामनवमीं महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया। विगत 68 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत गुरुवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को दक्षिण भारतीय परंपरा अनुसार राटा पूजा के साथ की गई।

आयोजन स्थल पर भाजपा नेता वी. रामाराव ने अपनी धर्मपत्नी वी. हेमलता के साथ प्रमुख यजमान के रूप में अनुष्ठान संपन्न किया। वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरागत रीति-रिवाजों के बीच पूजा की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास एवं सचिव ए. सांई गोपाल ने बताया कि बिलासपुर में वर्ष 1959 से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में आयोजनकर्ताओं की तीसरी पीढ़ी इसे और अधिक भव्यता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि जहां देश भर में रामनवमीं पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है, वहीं यहां दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार "श्री सीताराम कल्याणम" यानी भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह कराया जाता है।



# अभिजित मुहूर्त में की गई घट स्थापना,भक्तों की उमड़ी भीड़





**बिलासपुर।** शहर के काली मंदिर तिफरा, हरदेव लाल मंदिर, शीतला मंदिर लिंकरोड तिराहा, सतबहनिया मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में गुरुवार को चैत्र नवरात्रि पर अभिजित मुहुर्त में घट स्थापना की गई। वहीं श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर पहुंच कर देवी की पूजा कर आराधना की। कई लोगों ने व्रत रख कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शक्ति का पर्व नवरात्रि शहर में श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा है। लिंक रोड तिराहा स्थित श्री शीतला मंदिर में सौ से अधिक कलश का प्रज्जवलन किया गया है। मंदिर के पुजारी आचार्य पं. मनीष पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन माता की षोडषोपचार पूजन कर दुर्गा



शप्तशती का पाठ किया गया। शाम को मां की पुष्पांजलि कर क्षमा याचना की गई। वहीं शहर के काली मंदिर तिफरा में 4 हजार, मां त्रिपुर सुंदरी मरीमाई मंदिर रेलवे में 15 सौ, भैरव बाबा मंदिर रतनपुर में 11 सौ, सतबहनिया मंदिर बंधवापारा में 1001, काली मंदिर कुदुदंड में 251, दुर्गा मंदिर जरहाभाठा में 300, हरदेव लाल मंदिर में 251, दक्षिणेश्वर काली मंदिर डबरीपारा में 150, दुर्गा मंदिर पुलिस लाइन में 101, पीतांबरा पीठ सरकंडा में 108, लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार में 51 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। इन सभी मंदिरों में देवी भक्तों की भारी भीड़ रही।

### दिव्य अनुष्ठान प्रारंभ

श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर सिम्स परिसर में नवरात्रि पर दिव्य अनुष्ठान आरंभ हुआ। आस्था की ज्योति प्रज्जवलित की गई।

### शैल पुत्री के रूप में हुई पूजा

नवरात्रि में मां दुर्गा की 9 रूपों में पूजा की जाएगी। इसमें पहले दिन देवी की शैलपुत्री के रूप में पूजा की गई। दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चन्द्रघंटा, चौथे दिन कुष्माण्डा, पांचवें दिन स्कंदमाता, छठवें दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी एवं नवें दिन सिद्धिदात्री के रूप में पूजा होगी।

## देवी के विभिन्न स्वरूपों में पूजन, श्रृंगार

त्रिदेव मंदिर श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकण्डा में चैत्र नवरात्र उत्सव के प्रथम दिन श्री मनोकामना घृत अखण्ड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। साथ ही ध्वजारोहण, श्री दुर्गा सप्तशती एवं श्रीमद् दैवी भागवत पाठ का शुभारंभ हुआ। ब्रह्म शक्ति बगलामुखी देवी का देवी के विभिन्न स्वरूपों में पूजन, श्रृंगार किया गया। सुबह श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारियापूर्वक अभिषेक, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व सिद्धि विनायक का पूजन, श्रृंगार किया गया। इस वर्ष भी श्री मनोकामना 119 घृत ज्योति कलश अभिजीत मुहूर्त में 11:36 से 12:36 के मध्य प्रज्ज्वलित किया गया। संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा का रसपान अपराह्न 2 बजे से भगवती इच्छा तक सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी 'राजपुरोहित' कटघोरा-कोरबा ने कराया।



परायण आचार्य के रूप में आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी कटघोरा-कोरबा उपस्थित रहे। शाम को संत-सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें आध्यात्मिक विषयों पर प्रवचन हुआ। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि इस नौ दिवसीय महोत्सव में श्रद्धालु भक्त श्रीमद् देवी भागवत कथा का श्रवण, श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी, श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, श्री गणेश, श्री भैरव, श्री हनुमान और श्री मनोकामना अखण्ड घृत ज्योति कलश के दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह आयोजन भगवान की कृपा, सद्गुरु शिव स्वरूप ब्रह्मलीन पूज्य श्री 108 श्री स्वामी शारदानन्द सरस्वती महाराज की कृपा छाया से विश्व शांति एवं जनकल्याणार्थ किया जा रहा है।



|| आयोलाल ||
|| झूलेलाल ||
चेट्रीचंड्र महोत्सव, हिन्दू नववर्ष एवं
चैत्र नवरात्रि की लख्-लख् बधाईयां...
रॉबिन वाधवानी
अध्यक्ष
पवन वाधवानी
कार्यकारी अध्यक्ष
जय गुरनानी
सचिव
सुमित सचदेव
कोषाध्यक्ष
शंकर मनचंदा
दयानंद तीर्थानी
दिलीप दयालानी
कमल कलवानी
मुकेश विधानी
धीरज रोहरा
विनोद जीवनानी
अनुप मेघानी
नवीन मेघानी
विजय छुगानी
सुनील लालवानी
राम सुखीजा
अशोक गेमनानी
पंकज गुरबानी
अमित जादवानी
दिनेश जोतवानी
रवि प्रीतवानी
रूपेश कुकरेजा
अमित नेभानी
अभिषेक विधानी
अजय भीमनानी
मनोज उभरानी
दिनेश नागदेव
दीपक ग्वालानी
अनिल वाधवानी
मुकेश अधीजा
अविजीत आहूजा
तरूण मेघानी
अविनाश आहूजा
हेमंत जीवनानी
विशाल पमनानी
विकास कुकरेजा
बंटी पमनानी
जीवत रोहरा
विशाल जीवनानी
टीनू नोतानी
अजय तोलानी
लखन नागदेव
नवीन लालवानी
सूरज हरियानी
लखन छुगानी
विजय वाधवानी
मनीष जगवानी
(अध्यक्ष बिरादरी पंचायत)
नवीन रूपानी
(अध्यक्ष आजादनगर पंचायत)
राहुल सिदारा
(अध्यक्ष तोरवा पंचायत)
अमर पमनानी
(अध्यक्ष जूना बिलासपुर पंचायत)
राहुल वाधवानी
(अध्यक्ष कश्यप कॉलोनी पंचायत)
लखन भगतानी
(अध्यक्ष रामा वैली पंचायत)
आकाश देवानी
(अध्यक्ष राजकिशोर नगर पंचायत)
आकाश रोहरा
(अध्यक्ष हेमूनगर पंचायत)
रवि रामानी
(अध्यक्ष शनिचरी पंचायत)
अंकित वाधवानी
कैलाश रेलवानी
सत्री वाधवानी
जैकी छुगानी
अविनाश पेसवानी
राकेश वाधवानी
कमल भीमनानी
अविनाश मोटवानी
विशाल हरियानी
रवि डोडानी
नीरज पाहुजा
विशाल मलकानी
ब्रम्हा सिदारा
मनोज मनसुखानी
सिंधी माण्हू मन जो सच्चो
दिल जो डाढ़ो सुट्ठो
निखिल सिंधवानी
संजू रामानी
सेन्ट्रल सिंधी युवा विंग, बिलासपुर


!! जिये सिंधु !!
!! जिये सिंधु !!
भारतीय सिंधु सभा, बिलासपुर
भगवान झूलेलाल जयंती
चेट्रीचंड्र पर्व
जी यू लख-लख वाधायुँ ...
भारतीय सिन्धु सभा, बिलासपुर
सेवा संगठन संस्कार
जोत मां जोत जले
BHARTIYA SINDHU SABHA, BILASPUR
विनिता भावनानी
राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला विंग)
विनोद मेघानी
अध्यक्ष पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत
शंकर मनचंदा, अध्यक्ष
राम सुखीजा, महामंत्री
कैलाश आयलानी, कोषाध्यक्ष
अर्जुन तीर्थानी
धनराज आहूजा
रमेश लालवानी
हरीश भागवानी
मनोहर पमनानी
नानक खटूजा
किशोर गेमनानी
हुंदराज जैसवानी
डी. डी. आहूजा
नारायण उभरानी
अमर चावला
अमर पमनानी
जगदीश जज्ञासी
गरिमा शाहनी
कंचन मालघानी
राबिन वाधवानी
दिलीप बहरानी
श्रीचंद टहल्यानी
अभिषेक विधानी
दयानंद तीर्थानी
महेश पमनानी
प्रताप राय आयलानी
मनोहर थौरानी
मोहन जैसवानी
भरत आडवानी
धीरज रोहरा
नंदू लाहोरानी
राम चावला
सुरेश जीवनानी
अमर पमनानी
श्रीचंद दयालानी
सतीश लाल
सीए कमल बजाज
हुंदराज मोटवानी
विकास कुकरेजा
नरेंद्र हरियानी
नवीन जादवानी
मुकेश विधानी
हरगुन कारड़ा
अविनाश आहूजा
दिलीप घनश्यानी
नीरज जग्यासी
सुरेश मंगवानी
डॉ सतीश छुगानी
हरीश कोडवानी
दिलीप मनवानी
सुनील लालवानी
हरीश मोटवानी
हरीश थारवानी
नंदलाल पोपटानी
रमेश मेहरचंदानी
राहुल चावला
विनोद जीवनानी
शंकर नागदेच
विनोद रायकेश
जगदीश नागदेव
गुरबक्ष जैसवानी
विकास गुरवानी
-: आयोजक :-
पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, बिलासपुर
भारतीय सिंधु सभा, बिलासपुर
भारतीय सिंधु सभा युवा एवं महिला विंग
सेंट्रल सिंधी युवा एवं महिला विंग

## खबर संक्षेप

### करही में संगीतमय श्रीमद्भागवत कता आज से

**मुंगेली।** ग्राम भर्राकुण्डा करही में 20 से 25 मार्च तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचक पं दीपक तिवारी एवं परायणकर्ता पं मनोज मिश्रा, आचार्य राजेन्द्र पाठक, मुख्य यजमान संतोष साधना पाण्डेय, माया पाठक, संतोष पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, आकाश पाण्डेय हैं। 20 मार्च को कलश यात्र, वेदी पूजन, गौकरण कथा, कथा महात्म्य, 21 मार्च को सृष्टि वर्णन, कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, 22 मार्च को जड़ भरत चरित्र, वामन अवतार, रामावतार, कृष्णा अवतार, नंद महोत्सव, 23 मार्च को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत तथा रास लीला, कृष्ण रूखमणि विवाह, 24 मार्च को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष चढ़ोत्तरी एवं 25 मार्च को गीता पाठक, तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा, चिकट हवन कार्यक्रम रखा गया है।

### गोइंद्रा के 2 विद्यार्थियों का नवोदय दाबो में चयन

**पथरिया।** विकासखंड पथरिया अंतर्गत संकुल केंद्र गोइंद्रा के शासकीय प्राथमिक शाला गोइंद्रा के लिए




यह अत्यंत गौरव का विषय है कि, विद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थी मयंक साहू एवं नम्रता बंजारे का चयन नवोदय विद्यालय दाबो के लिए हुआ है। बच्चों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। इस मौके पर संकुल केंद्र गोइंद्रा के संकुल प्रभारी तरुण गेंदले एवं संकुल समन्वयक विकास जायसवाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि, यह उपलब्धि पूरे संकुल के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय के प्रधान पाठक जितेंद्र गेंदले एवं शिक्षक विनीता गेंदले, सुखराम मरकाम और माया गेंदले ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण बताया।

### 'प्लास्टिक मुक्त गांव' बनाने चलाया गया स्वच्छता अभियान

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 'प्लास्टिक मुक्त गांव' बनाने की दिशा में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनपद पंचायत मुंगेली अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों जैसे बांकी, चमारी, देवरी, सोढ़ार और लिम्हा में व्यापक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियां संचालित की गईं। अभियान के तहत स्वच्छताग्रही महिला समूहों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव के प्रमुख चौक-चौराहों, स्कूलों, हैंडपंपों के आसपास तथा सड़कों के किनारे साफ-सफाई की गई। इस दौरान प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर उसे पृथक कर सेग्रिगेशन शेड में सुरक्षित रखा गया। ग्राम पंचायत चमारी में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ स्वच्छता रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए गांव को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया गया। इस विशेष अभियान में ग्रामीणजन, सरपंच, पंच एवं स्वच्छताग्रही समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने गांव को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त एवं ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने का संकल्प लिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला एवं ब्लॉक समन्वयकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला प्रशासन ने इस तरह के अभियान आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही है, ताकि स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़े और गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

### पचपेड़ी में किया गया प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

**मल्हार।** बिलासपुर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित योजना समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन गेहूं अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन ग्राम पचपेड़ी में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रमुख चंद्र प्रकाश ने की, जिसमें उन्होंने प्रदर्शन से होने वाले लाभ व गेहूं के उत्पादन अधिक होने की सराहना की। संस्था प्रमुख डॉ गीत शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक व अन्य अधिकारियों ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए गेहूं में जल प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ सुप्रिया भारतीय ने प्रदर्शन की सराहना करते हुए गोल्डन नाम दिया, जो कृषक के लिए लाभदायक है। हेमकान्ति बंजारे ने गेहूं वअन्य रवि फसलों में खरपतवार नियंत्रण व उन्नत किस्मों के बारे में जानकारी दी। जयंत साहू ने गेहूं में रोग व किट की पहचान तथा प्रबंधन के बारे में विस्तृत रूप से कृषकों को जानकारी देकर जागरूक किया। पंकज मिनज ने बायोफोरटीफाइड किस्म से होने वाले फायदे व उक्त किस्म को लगाने की सलाह दी। कृषि विभाग के एके अहिरे ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी किसानों लाभ उठाने की अपील की। आरईओ मनोज खांडेकर ने बीज भंडारण की जानकारी दी। अरहान खान ने भी किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में 75 से ज्यादा कृषक व 18 अधिकारी कर्मचारी का उपस्थित रहे।

### मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा जिला अस्पताल

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और त्वरित उपचार से मरीजों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में चिकित्सकों की सतर्कता और कुशल उपचार से कबीरधाम जिले के ग्राम प्रतातपुर की 80 वर्षीय आरती भास्कर का सफलतापूर्वक कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया। आरती ने बताया कि, करीब तीन माह पूर्व घर पर स्नान करते समय गिरने से उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी, जिससे वे लगातार बिस्तर पर थीं और चलने-फिरने में असमर्थ थीं। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय मुंगेली लाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी गई। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके रॉय ने बताया कि, 14 मार्च को अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में अनुभवी टीम द्वारा सफलतापूर्वक कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी की गई।

## कलेक्टर-एसएसपी ने किया दर्शन, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# महामाया मंदिर में 25 हजार ज्योति कलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। अंचल के प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर में नौ दिवसीय उत्सव की भव्य शुरुआत हुई। अभिजीत मुहूर्त में विधि-विधान से घट स्थापना की गई, जिसके साथ ही मंदिर परिसर में आध्यात्मिक माहौल और भी भक्तिमय हो गया। नवरात्रि के पहले दिन से ही दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां महामाया के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। इस वर्ष मंदिर में 25 हजार मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जो श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक हैं। मंदिर परिसर में सुबह से ही जयकारों और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई देती रही। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और सुविधाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



महामाया मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते अफसर।

### कलेक्टर, एसपी ने किया माता का दर्शन

नवरात्रि के प्रथम दिन बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने मंदिर पहुंचकर मां महामाया के दर्शन किए और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंदिर परिसर में बैठकर भीख मांगने वालों से भी बातचीत की और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के आवागमन और दर्शन में किसी प्रकार की बाधा न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि, नवरात्रि के दौरान विशेषकर कालरात्रि के दिन भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही ट्रैफिक को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन की योजना भी लागू की जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, कोटा एसडीएम आईएएस अरविंथ कुमारन, कोटा एसडीओपी एवं रतनपुर प्रभारी आईपीएस अंकिता जैन, तहसीलदार सोनू अग्रवाल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पहले दिन हुई माता शैलपुत्री की पूजा, ज्योति कलश प्रज्वलित

**मल्हार।** मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में गुरुवार को बासंती चैत्र नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री के रूप में मां की पूजा हुई। अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ घटस्थापना के बाद प्रथम ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। इसके बाद मनोकामना दीप जलाए गए। इस वर्ष 3 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने विभिन्न मनोकामनाओं के साथ माता के दरबार मे ज्योत जलवाए हैं। वहीं, मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पाठ का शुभारंभ वेदी पूजा के साथ किया गया एवं सभी नवरात्र अनुष्ठान आचार्य ने संपन्न कराया। सुबह देवी मां को स्नान के बाद विशेष श्रृंगार कराया गया, जिसके बाद षोडशोपचार पूजन व भोग के बाद दिव्य आरती हुई। जंवारा बुआई व दुर्गासप्तसती नित्य पाठ भी प्रारंभ हुई जो पूरे 9 दिनों तक चलता रहेगा।



संध्या मंगल आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिसमें महिलाओं व युवतियों की संख्या अधिक रही। मान्यता है कि, नवरात्र पर्व में माता डिडनेश्वरी साक्षात विराजमान होती हैं, इसलिए पर्व के दौरान जो भी भक्त पूरी पवित्रता व श्रद्धा भक्ति के साथ यहां आकर माता से विनती करते हैं, उनकी मनोकामना पूरी होती है। इसलिए दोनों पर्व में भारी संख्या में भक्त यहां पहुचकर माता के चरणों में शीश नवांते है। श्रद्धालुओं का मानना है कि, तपोमुद्रा में बैठी मां डिडनेश्वरी का स्वरूप प्रतिदिन बदलता है।

## माता की भक्ती में डूबा क्षेत्र मंदिरों में जले आस्था के ज्योत



**तखतपुर।** नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिर सहित घरों में भी आस्था के ज्योत जले। नगर के महामाया मंदिर सहित चंडी मंदिर, कैलाश नगर में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। चैत्र नवरात्रि के शुरू होते ही पूरा क्षेत्र मां की आराधना में डूब गया है। भक्तों ने सुबह से ही देवी मां के मंदिर पहुंच कर माथा टेककर अपनी खुशहाली की कामना की। नगर के महामाया मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में आचार्य ने विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कराया और मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया। महामाया मंदिर में तेल 549 और घी 30 के ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। महामाया मंदिर प्रतिदिन रात्रि में दिव्य श्रृंगार होता है, जिसका दर्शन करने के लिए श्रद्धालु देर रात मंदिर में रहते हैं। ज्योतिकलश प्रज्वलित करने के अवसर पर इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, आचार्य दिलहरण दुबे, यजमान अनुपमा अभिषेक पांडेय, अमित मन्दानी, सुनिल जांगड़े, परमेश्वर सिंह, राजू ठाकुर, तिलक ताम्रकार, कुंजराम, राजू यादव, रमेश पटेल, पुजारी राजेंद्र गोस्वामी, मुन्ना गोस्वामी, सूरज ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## देवी मंदिरों हुई माता की आराधना, उमड़ी भक्तों की भीड़

**मुंगेली।** चैत्र नवरात्रि में शहर व आसपास के क्षेत्रों में स्थित सभी देवी मंदिरों में शुभ मुहुर्त में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ लगी रही। शहर के देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ लगी रही।

मंदिरों में शुभ मुहुर्त में देवी आराधना के साथ पहले मंदिरों में ध्वज चढ़ाया गया एवं पूजा के पश्चात ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। क्षेत्र के मंदिर मां महामाया मंदिर सोनार पारा, मां काली मंदिर खर्रीपारा, मां अंगार मोती माता मंदिर पानी टंकी, शक्ति माई मंदिर पंडरिया रोड, हथनीकला मंदिर, दुर्गा मंदिर, बड़की महामाया दाऊपारा, महामाया मंदिर मल्हापारा, ठाकुरदेव मंदिर मलाईघाट सहित समस्त मंदिरों में ज्योति



कलश प्रज्जवलित किए गए। नवरात्र पर्व पर धार्मिक आस्था रखने वाले महिला एवं पुरूष नौ दिनों का उपवास रहते हैं। कई भक्त दूध व फल खाकर, तो अनेक श्रद्धालु निर्जला उपवास भी रहते हैं। नवरात्रि तक अंचलवासी शक्ति की भक्ति में डूबे रहेंगे। मंदिर एवं ज्योति कलश कक्षों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। हथनीकला स्थित मंदिर आसपास के ग्रामीणों के लिए आस्था का केन्द्र बना हुआ हैं। यहां मंदिर परिसर में नवरात्रि में मेला जैसा माहौल लगा रहता हैं। इसी तरह शक्ति माई में भी नवरात्रि प्रारंभ होते ही आस्था के दीप प्रज्जवलित किए गए और भक्तों की कतार लगी रही। महामाया मंदिर दाऊपारा में भी दूर-दूर से ज्योति जलवाने पहुंचते हैं। घट स्थापना होते ही मां महामाया के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस पर्व के अवसर पर फलों एवं फलाहार की बिक्री भी तेज हो गई। लोगों को केला, अंगूर व तरबूज सहित सिंघाड़ा, साबूदाना आदि की खरीददारी करते देखा गया। पहले की अपेक्षा फलों में तेजी भी देखी गई। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ ही नवरात्र की पूजा अर्चना श्रद्धा एवं भक्ति के साथ की जा रही है। घट स्थापना के साथ ही अंचल का वातावरण भक्तिमय हो गया है एवं रात्रि में जसगीत का गायन किया जा रहा है।



### प्रज्जवलित हुए जनप्रतिनिधियों के ज्योति कलश

**पथरिया।** नगर के प्राचीन महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रद्धलुओं ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराई है। इसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक धरमलाल कौशिक, राजेन्द्र शुक्ला का ज्योति कलश भी प्रज्वलित हुआ है। उक्त जानकारी महामाया मंदिर समिति के अध्यक्ष लल्लूराम जायसवाल ने दी है। वहीं माता सेवा में कोषाध्यक्ष बरातीराम साहू, उपाध्यक्ष गयाराम डडसेना, गेंदराम श्रीवास, सचिव बलराम जायसवाल, रमेश साहू सहसचिव, बैगा बलराम मरकाम, पुजारी गोकुल दास वैष्णव, संरक्षक जसपाल सिंह छाबड़ा, शंकर लाल सोनी, तिजऊ निर्मलकर, रामलाल धृव, शामनाथ निषाद, सिध्द राम पटेल, मोहित पटेल, शंकर पटेल, संतराम निषाद सहित समस्त पदाधिकारी व नागरिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## मां सिध्देश्वरी मंदिर में विशेष अनुष्ठान



**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा स्थित मां सिध्देश्वरी महामाया मंदिर में 353 तेल एवं 7 घी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर नवरात्रि का विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। मुंगेली पंडरिया राष्ट्रीय मार्ग के मध्य टेसुआ नदी के तट पर 11वीं शताब्दी अद्वितीय, पुरातात्विक, मनोरम, ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर स्थित है। समीप ही मां सिध्देश्वरी महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। यहां नवरात्रि पर विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रध्दालु शामिल होते हैं। यहां क्वांर एवं चैत्र माह में बड़ी संख्या में घृत और तेल मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाती है साथ ही, साथ भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण की कामना के लिए 9 दिनों तक माता की विशेष आराधना भी करते हैं। मंदिर प्राकृतिक और शांत वातावरण के बीच स्थित है जहां पहुंचते ही भक्तों को आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। यहां प्रतिदिन श्रध्दालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। बिलासपुर से 65 किमी, कवर्धा से 54 किमी दूर मुंगेली-पंडरिया मार्ग पर स्थित है।

## अटल ने विस में मांगी सूखे नशे से संबंधित अपराधों की जानकारी

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश में होने वाले सूखे नशे के अवैध कारोबार और उसके खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी। अटल श्रीवास्तव ने प्रदेश के गृहमंत्री से प्रश्न किया कि, जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 तक प्रदेश में ब्राउन शुगर, गांजा, कप सीरप, नशीले इंजेक्शन के अवैध कारोबार से जुड़े कितने प्रकरण दर्ज किए गए एवं मामले से जुड़े कितने आरोपी गिरफ्तार किए गए। साथ ही उन अपराधों में शामिल नाबालिग व महिलाओं के संबंध में भी प्रश्न किए गए। अटल के प्रश्न पर गृहमंत्री ने उत्तर दिया कि, प्रदेश में कुल 2 हजार 876 सूखे नशे के प्रकरण दर्ज किया गए, जिसमें अवैध कारोबार करने वाले 5 हजार 48 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 85 नाबालिग एवं 326 महिला अपराधी शामिल हैं। इस मौके पर बिलासपुर संभाग में पिछले दो साल में हुए हुई अपराधिक घटनाओं की जानकारी मांगी गई। इस पर गृहमंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि, बिलासपुर संभाग में 2 साल में 56 हजार 973 अपराध दर्ज हुए हैं, जिसमें 13 हजार 625 प्रकरण की चार्जशीट प्रस्तुत नहीं हुई है, और 5 हजार 62 आपराधिक प्रकरणों की विवेचना लंबित है।



## दिव्यांग बच्चों की सेवा के लिए सम्मानित हुईं प्रिया

**पथरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में 51 महिलाओं का चयन लावण्या फाउंडेशन रायपुर के द्वारा किया गया, जिसमें विगत 19 साल से दिव्यांग बच्चों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रिया यादव बीआरपी विखं पथरिया का चयन




किया गया। प्रिया यादव को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल व विधायक पुरंदर मिश्रा ने वुमनिया अवार्ड से सम्मानित किया। इसी क्रम में 15 मार्च को नव सृजन मां छत्तीसगढ़ की ओर से छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण के अवार्ड से रायपुर में एडिशनल एसपी सुरेश चौबे, एडिशनल एसपी अर्चना झा, आईपीएस मिलना कुर्रे एवं एम्स के प्रधानाध्यापक का डॉक्टर जया रेका एवं नव सृजन मंच के अध्यक्ष माननीय अमरजीत छाबड़ा व संयोजक पद्मा द्वारा मोमेंटो, प्रमाण-पत्र व छत्तीसगढ़ी आभूषण के साथ सम्मानित किया गया।

## हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर बच्ची की मौत, दो घायल

**तखतपुर।** लापरवाही वाहन चलाते हुए हाइवा चालक ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 16 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई एवं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसी केवर्त अपनी मां और भाई के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर तखतपुर से अपने घर पड़रिया जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार हइवा सीजी 10 बीआर 6183 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, मानसी केवर्त ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में मानसी की मां और भाई दोनों गंभीर



रूप घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस ने प्रार्थी राघवेंद्र कैवर्त की रिपोर्ट पर हाइवा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 105, 125 ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

## बाल श्रम मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

# बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्याः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल तस्करी की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुरुवार को 'बाल श्रम मुक्ति रथ' को कलेक्टर कुन्दन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान बाल श्रम में संलग्न बच्चों के बचाव, संरक्षण एवं उनके समुचित पुनर्वास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। 'बाल श्रम मुक्ति रथ' के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। रथ के जरिए बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बाल शोषण के दुष्परिणामों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी, साथ ही नागरिकों को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या- कलेक्टर ने कहा कि, बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रभावित करती है। इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन के सा-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि, अभियान के दौरान पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजूबाला शुक्ला ने बताया कि, अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें श्रम विभाग, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। टास्क फोर्स द्वारा जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों, दुकानों, ईंट भट्ठों सहित अन्य कार्य स्थलों पर विशेष जांच अभियान चलाकर बाल श्रम में संलिप्त बच्चों की पहचान की जाएगी।




## बोहरा समाज ने मनाई ईद मांगी अमन-चैन की दुआ



**तखतपुर।** दाउदी बोहरा समाज में भी ईद के खुतबे की नमाज सुबह 6:30 बजे मुल्ला ताहेर भाई के द्वारा बोहरा जमातखाना में पढ़ाई गई। नमाज के पश्चात देश में अमन-चैन और देश के विकास के लिए दुआ करते हुए तखतपुर में बनी नई मस्जिद की इफ्तेता के लिए समाज के धर्मगुरु डा सैय्यदना मुफद्दल साहेब ने विशेष दुआएं की। ईद की खुशी का इजहार करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में की गई सेवाओं के लिए समाज के लोगों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों की टोलिया नए-नए कपड़े पहन कर बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद और ईदी लेने समाजजनों के घरों में पहुंचे। कब्रिस्तान जाकर समाजजनों ने मरहूमों की ज्यारत की व मगफिरत की दुआएं मांगी। नमाज के बाद मजलिस एवं भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुल्ला शब्बीर कपासी, सिराज वनक, शब्बीर शाम, कुतुबुद्दीन भारमल, शब्बीर लक्ष्मीधर, ताहेर लक्ष्मीधर, यूसुफ वनक, सादिक कपासी, अब्बास हिरानी, जाकिर कपासी, मोईन वनक, युसूफ भारमल, मुर्तुजा लक्ष्मीधर, परवेज भारमल, हातिम लक्ष्मीधर, यूसुफ लक्ष्मीधर होजेफा कपासी, युसूफ लक्ष्मीधर सहित अन्य उपस्थित रहे।


आयो लाल !
।। जिये सिंधु ।।
झूलेलाल !!
हिन्दु-सिन्धु नववर्ष एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...
चेट्रीचंड्र "सिंधु दिवस" जूँ लख-लख वाधायूँ
सिंधी युवक समिति बिलासपुर
अशोक बजाज
संयोजक एवं संरक्षक
अमर बजाज
संयोजक एवं संरक्षक
मनोहर खट्वानी
संरक्षक
कैलाश मलघानी
संरक्षक
मनीष लाहोरानी
अध्यक्ष
अमित संतवानी
महामंत्री
मुकेश मूलचंदानी
कोषाध्यक्ष
राजकुमार बजाज
ओमप्रकाश मनचंदा
मोहन मदवानी
रमेश वाधवानी
मोती गंगवानी
संजय मतलानी
कैलाश श्यामनानी
हीरानंद छुगानी
राजेश गंगवानी
मनोज सरवानी
सुनील आहूजा
शंकर दयालानी
गोविंद बतरा
भगवानदास भोजवानी
विजय वाधवानी
जतीन पुरी
नंदलाल लाहोरानी
रमेश भोजवानी
राजेश चंदवानी
सुनिल खियानी
राजेश माधवानी
किशन जेठानी
रवि बजाज
दौलत पंजवानी
अमर छाबड़ा
सुरेश बजाज
दिनेश चंदानी
दिनेश थारवानी
हरिकिशन गंगवानी
जितेन्द्र किशनानी
डॉ. विशाल चौधरी
कमल टेकचंदानी
केशव आडवाणी
अमित सुखवानी
राज भाटिया
ऋशभ आडवाणी
हरिश जेठानी
हर्षराज होतचंदानी
नवीन छुगानी
सन्नी लाहोरानी
अर्चित बजाज
राहुल वाधवानी
गौतम मोटवानी
खुबचंद लाहोरानी
विक्की बजाज
विजय मनुजा
अमर रुपानी
अनमोल खत्री
नवीन रुपानी
राजकुमार सुखवानी
समस्त सिंधी समाज से निवेदन है की अपना कारोबार बंद रखकर झुलेलाल की शोभा यात्रा मे शामिल होकर सिंधी समाज मे एकता का परिचय दे।
विनित :- समस्त सिंधी समाज, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति,
पूज्य सिंधी 17 वार्ड पंचायतें सिंधी महिला - युवा विंग, एवं समितियाँ बिलासपुर


**खबर संक्षेप**

### 21 को रतनुपर में समाधान शिविर

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा है गुरूवार को एसई सुरेश जांगड़े ने मोहभट्ठा, सरगांव में आयोजित शिविर में पहुंचे। अब तक 5 हजार उपभोक्ता शिविर का लाभ ले चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि रतनपुर में 21 मार्च को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर,ईडी एके अंम्बस्ट, एसई सुरेश जांगड़े उपस्थित रहेंगें। खास बात यह है कि उच्च अधिकारियों के द्वारा शिविर में पहुंच कर उपभोक्ताओं को होने वाली समस्याओं का जायजा लिया जा रहा है।

### झांसा देकर युवक ने छात्रा से किया अनाचार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर शादीशुदा युवक ने छात्रा से



अनाचार किया। उसके बाद मंगेतर को दोनों की फोटो भेजकर शादी तुड़वा दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। महिला थाना से मिली जानकारी के अनुसार, सीपत क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की वर्ष 2018 में पढ़ाई के दौरान झलमला निवासी सूरज सोनी से जान पहचान हुई। उसके बाद युवक ने शादी करने का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। बाद में युवती को पता चला सूरज सोनी पहले से शादीशुदा है। उसके बाद उसने सूरज से बातचीत करना बंद कर दी। युवती के घरवाले समाज के युवक से शादी तय कर दिया। सूरज को जानकारी हुई तो उसने युवती के मंगेतर को दोनों की फोटो भेजकर शादी तोड़वा दी। पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 351, 3, 69 के तहत जुर्म दर्ज कर डायरी सीपत पुलिस को भेज दी है।

### महिला थाना के पास पति ने पत्नी पर किया हमला

**बिलासपुर।** महिला थाने में शिकायत करने से आक्रोशित पति ने महिला थाना के पास पत्नी के साथ मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला कर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने हमलावर पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेली संगवाकापा निवासी कामिनी कोशले ने रिपोर्ट लिखाई। पिछले कुछ दिनों से वे बहन की बेटी पायल के घर कुदूदण्ड में रह रही हैं। घरेलू व छोटी छोटी बात को लेकर पति राकेश कोसले के द्वारा परेशान करने पर वे बहन की बेटी पायल के साथ महिला थाना महिला परामर्श केंद्र में पति के खिलाफ शिकायत करने गई थीं। शिकायत करने के बाद महिला थाना से थोड़ा आगे गईं तो उनका पति राकेश कोसले आया और मेरे खिलाफ शिकायत करने आई है कहकर सरेराह गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने उनका मुंह दबा दिया, नुकीली वस्तु से गले में कई बार हमला किया बीच बचाव के दौरान हाथ की उगली में भी चोट आई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावर पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**पंद्रह लाख वाहन मालिकों ने बनवाए पास**

**नए वित्तीय वर्ष से अतिरिक्त देने होंगे 75 रूपए, सुपरहिट साबित हुई एनएचएआई की योजना**

# टोल के एनुअल पास बनवाने मची होड़, 1 अप्रैल से बढ़ जाएंगी कीमतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल हाईवे की सड़कों पर स्थापित टोल को पार करने के दौरान दिया जाने वाला शुल्क न्यूनतम हो जाए, इसके लिए वाहन मालिकों में एनुअल पास बनवाने के लिए होड़ सी मची हुई है। हालत यह है कि योजना के शुरूआती कुछ दिनों में ही पंद्रह लाख वाहन मालिकों द्वारा एनुअल पास बनवा लिए गए थे। एनएचएआई के अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही एक अप्रैल से दरों में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक एनुअल पास के लिए वाहन मालिकों को 75 रूपए अतिरिक्त देने होंगे।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा वाहन मालिकों का एनुअल पास बनाकर उनके द्वारा दिए जाने वाले टोल टैक्स में कमी करने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत वाहन मालिकों को 3 हजार रूपए का शुल्क जमा करना होगा, जिससे उन्हें



एनुअल पास जारी कर दिया जाएगा। यह पास केवल उन वाहनों के लिए बनाए जाएंगे, जो घरेलू हैं। कमर्शियल वाहनों के लिए यह योजना नहीं है। एक बार पास बनवा लेने के बाद देश के किसी भी टोल में वे रियायती दरों में आसानी से यात्रा कर सकेंगे। एनएचएआई सूत्रों के अनुसार इस योजना के प्रारंभ होते ही शुरूआती दिनों में ही करीब 15 लाख वाहन मालिकों ने अपना एनुअल पास बनवा लिया था। अभी भी लोगों की बड़ी संख्या इस योजना का लाभ लेने के लिए कतार में है। विभाग के अनुसार 31 मार्च के बाद एनवल पास की दरें 75 रूपए बढ़कर 3075 रूपए कर दी जाएंगी।

### सौ रूपए का टोल टेक्स एनुअल पास में घटकर केवल पंद्रह रूपए

एनुअल पास बनवाने के बाद टोल टैक्स की दरों में कई गुना तक कमी आ जाती है। वाहनों में फास्टैग लगे होने के बाद भी टोल की सामान्य दरें कहीं 55, कहीं 80 तो कहीं-कहीं सौ रूपए से भी अधिक हैं। इसके विपरीत एनुअल पास बनवा लेने के बाद यह दरें घटकर सीधे पंद्रह रूपए तक आ जाती हैं। ऐसे में यह योजना वाहन मालिकों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

### एक साल में 2 सौ बार पार किए जा सकेंगे टोल

एक बार एनुअल पास बनवा लेने के बाद वाहन मालिक अधिकतम 2 सौ बार तक टोल पार कर सकते हैं। हालांकि इस योजना को उन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमंद बताया जा रहा है, जिनकी रनिंग अधिक है या जिनका ऑफिस या कार्यक्षेत्र ऐसे स्थानों पर है जहां उन्हें रोज टोल पार करके जाना होता है। ऐसे लोगों को एनुअल पास का भरपूर लाभ मिल सकेगा।

### लोग ले रहे रुचि

वाहन मालिकों के द्वारा टोल के लिए एनुअल पास बनवाने में विशेष रूचि दिखाई जा रही है। एनुअल पास बनने के बाद टोल पार करने वालों को केवल पंद्रह रूपए का शुल्क ही देना पड़ता है, जो कि न्यूनतम है। यह योजना केवल घरेलू वाहनों के लिए है। कमर्शियल वाहनों के लिए नहीं। एक अपैल से रेट बढ़ने वाले हैं, जिससे प्रत्येक एनुअल पास के लिए वाहन मालिकों को 75 रूपए अधिक देने होंगे।

**राजेश्वर सूर्यवंशी**, मैनेजर
नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया

**डीएमएफ के पैसे से सिंचाई विभाग कर रहा निर्माण**

# आकार लेने लगी मंगला-शिवघाट बाईपास सड़क सात करोड़ की लागत से बनेगी डामर रोड



सड़क निर्माण का तेजी से चल रहा काम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला से शिवघाट बराज के बीच शहरवासियों को आवागमन के लिए जल्द ही एक और बाईपास सड़क मिल सकेगी। सात करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन ने प्रारंभ कर दिया है। सड़क निर्माण के अंतर्गत अभी मिट्टी के कार्य किए जा रहे हैं। यह सड़क मंगला-धुरीपारा से सीधे सरकंडा जाने वालों के लिए काफी मददगार साबित होगी। उन्हें शहर के भीतर से घूमकर नहीं जाना पड़ेगा।

- **शहरवासियों को जल्द मिलेगी एक और बाईपास सड़क**

धुरीपारा-मंगला से सरकंडा जाने वालों की राह अब काफी आसान हो जाएगी। इसके लिए शहरवासियों को शहर के भीतर प्रवेश करने की कोई जरूरत ही नहीं होगी। शिवघाट बराज होकर वे सीधे सरकंडा जा सकेंगे। सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन द्वारा एसटीपी मंगला से शिवघाट बराज तक छह सौ मीटर लंबाई में एक डामर सड़क बनाई जा रही है। सड़क का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अंतर्गत अभी मिट्टी से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार सड़क का निर्माण पूरा करने के लिए 11 महीनों की अवधि शेष है, जिससे निर्धारित अवधि तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। यह सड़क डामरीकृत होगी, जिसकी कुल चौड़ाई दस मीटर होगी। इसके अंतर्गत डामररोड तो साढ़े सात मीटर ही होगी, वहीं शेष चौड़ाई में शोल्डर का निर्माण किया जाएगा। सड़क की कुल लागत 682.22 लाख रूपए होगी, जिसमें सड़क के अलावा नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वाल व पिचिंग संबंधी कार्य भी किया जाना प्रस्तावित है। प्रोटेक्शन वॉल एवं पिचिंग के कार्य भी जारी हैं।

ज्ञात हो कि अरपा नदी पर शहर में दो बराज बनाए गए हैं, जिनमें एक पचरीघाट तो दूसरा शिवघाट के रूप में तैयार हो चुका है। कुछ महीनों पहले कलेक्टर द्वारा शिवघाट बराज के निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मंगला से बराज तक बाईपास सड़क निर्माण कर शहरवासियों के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार करने संबंधी चर्चा की गई थी। इसके बाद इसकी पूरी प्लानिंग व बजट तैयार कर सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन के द्वारा निर्माण की स्वीकृति ली गई थी। इस सड़क के लिए फंड की व्यवस्था जिला खनिज न्यास मद से की जा रही है।

### अर्थवर्क किया जा रहा है

मंगला-धुरीपारा से शिवघाट बराज के बीच बाईपास डामर रोड बनाई जा रही है। डीएमएफ की फंडिंग से बनने वाली इस सड़क के अंतर्गत अभी अर्थवर्क किया जा रहा है। सड़क निर्माण से मंगला से सरकंडा व सरकंडा से मंगला की ओर जाने वालों को काफी आसानी होगी। सड़क का निर्माण पूर्ण करने के लिए अभी 11 महीनों का समय शेष है, जिससे पूरी संभावना है कि उक्त अवधि में निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

**-एमके चंद्रा**, ईई खारंग डिवीजन

# एक माह में उठाईगीरों को पकड़ नहीं पाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत खमरिया के सराफा का व्यापारी का 10 किलो चांदी, 100 ग्राम सोने के जेवर से भरा थैला लेकर बाइक सवार दो युवक भाग गए थे। कुछ दिन तक पुलिस हवा में हाथ पैर मारने के बाद शांत बैठ गई है। एक माह बाद भी पुलिस उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

- **सीपत के सराफा व्यापारी का जेवर लेकर भागे थे**

20 फरवरी 2026 को सीपत खमरिया स्थित रमेश ज्वेलर्स के संचालक बलौदा निवासी विनय सोनी शाम 7 बजे दुकान में रखे 10 किलो चांदी के आभूषण व 100 ग्राम सोने के आभूषण का थैला लेकर दुकान से बाहर निकले। थैला शटर के पास रखकर व दुकान बंद करने के लिए शटर गिरा रहे थे। इसी दौरान बाइक से दो युवक उनकी दुकान के सामने आए। एक युवक बाइक से उतरकर दौड़ते हुए आया आभूषण से भरा थैला उठाकर बाइक में बैठकर अपने साथी के साथ बिटकुला के जंगल की ओर भाग गया। कुछ दिन तक साइबर रेंज थाना पुलिस, एसीसीयू टीम, सीपत पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पूर्व में चोरी, लूट के मामले में पकड़े गए संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कोई सफलता नहीं मिलने पर मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### नकाबपोशों का भी सुराग नहीं

15 मार्च को मोपका चिल्हाटी मोड़ विवेकानंद रेसीडेंसी निवासी इंजीनियर नितेश रंजन के सूने मकान में 5 चोर सफेद रंग के कपड़े पहनकर पहुंचे, इन्होंने नकाब लगाकर दरवाजा काटकर 4 लाख रुपए के जेवर की चोरी की, इन्हीं नकाबपोशों ने विमला धूरी के घर से नकद जेवर एवं आशीष बांधे के घर से बाइक चोरी कर ली थी। 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस नकाबपोशों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### व्यापार विहार में 8 लाख के उठाईगीरी का सुराग नहीं

7 मार्च को व्यापार विहार छोटे पार्किंग स्थित हरे कृष्ण ट्रेडर्स के संचालक अजय कुमार अग्रवाल रात 8 बजे दुकान की बिक्री रकम 8 लाख 25 हजा रुपए व 1 लाख 40 हजार रुपए 60 नग चांदी के सिक्के व राइसमिल के पेपर थैला में रखकर बाहर निकले। वे पैसा वाला थैला अपनी बलेनो कार में रखकर दरवाजा बिना लॉक किए दुकान का शटर बंद कराने में व्यस्त हो गए। इसी दौरान एक युवक पीछे से आकर पैसा से भरा थैला कार से चोरी कर भाग गया था। एक सप्ताह बाद भी पुलिस उठाईगीर का सुराग नहीं लगा पाई है।

# धोखाधड़ी के फरार आरोपी ने किया कोर्ट में सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मृत व्यक्ति की बीमा राशि लेने के बाद उसी के नाम पर फिर से बीमा कराकर धोखाधड़ी करने के मामले में एक साल से फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना के एएसआई अशोक चौरसिया ने बताया, 8 मई 2025 को भारतीय जीवन बीमा के शाखा प्रबंधक अलबन टोप्पो ने रिपोर्ट लिखाई थी। बीमा धारक व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिजन ने बीमा क्लेम कर राशि ले ली थी। उसके बाद विद्या नगर निवासी नरेश अग्रवाल पिता वेदप्रकाश अग्रवाल अन्य तीन साथियों के मिलकर उक्त मृतक के नाम पर फिर से जीवन बीमा करा दिया था। बीमा की जांच करने में पाया गया कि उक्त मृतक की मृत्यु होने पर परिजन को क्लेम राशि दे दी गई है। चारों ने जान बूझकर साजिश करते हुए झूठा बीमा दावा पेश का मृत्यु दावा लेने की कोशिश की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर चारों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले में एक साल फरारी काटने के बाद 19 मार्च को आरोपी नरेश अग्रवाल ने जिला न्यायलय में सरेंडर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस आरोपी को मामले में गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में मुलाहिजा कराने के बाद कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया है। उक्त मामले में पहले आरोपी राजेश कुमार शर्मा यदुनंदननगर तिफरा, नंदकुमार साहू ओखर पचपेड़ी निवासी की गिरफ्तारी हो गई है। एक अन्य आरोपी फरार है।



आरोपी

- **मृतक का आरोपी ने कराया था बीमा**

# गश्त पाइंट बुधवारी की दो दुकान में चोरों ने बोला धावा

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने आतंक मचाते हुए गश्त पाइंट बुधवारी बाजार की दो दुकानों की टिन की छत उखाड़कर नकद रकम चोरी कर लिया और भाग गए। इसके पहले भी दुकानों में कई बार इसी तर्ज पर चोरी हो चुकी है। चोरी की वारदात से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

तोरवा नाका संतोषी मंदिर निवासी जनरल स्टोर के संचालक सेवकराम कुकरेजा ने बताया कि 18 मार्च की रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। 19 मार्च की सुबह 9 बजे उन्होंने दुकान का शटर खोला तो काउंटर व नीचे सामान बिखरा पड़ा था। अंदर जाकर देखे तो गल्ला खुला हुआ था। उसमें रखा रखे करीब 3 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। दुकान के ऊपर छत का टिन उखाड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसी तरह दस्तगीर हुसैन की मोबाइल दुकान के टिन की छत उखाड़कर गल्ले से नकद रकम चोरी कर लिया है। एक साथ दो दुकानों में चोरी की वारदात से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दोनों दुकानों का मुआयना कर लौट गई। मोबाइल दुकान संचालक श्री हुसैन ने बताया कि इसके पहले भी दुकान की टिन की छत उखाड़कर कई दुकानों में चोरी की वारदात हो चुकी है। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई थी।





### राइसमिल का कांच तोड़कर चोरी

बिल्हा पुलिस के अनुसार, अनीश अग्रवाल पिता अनिल कुमार अग्रवाल की ग्राम गुमा में रानीसती एग्रोटेक राइसमिल है। 17 मार्च की रात 8 बजे वे राइसमिल में ताला बंद कर घर चले गए थे। 18 मार्च की सुबह 7 बजे मिल गए तो आफिस का कांच टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो सीपी प्लस कैमरा, डीवीआर, वाईफाई का माडम व आलमारी में रखे 15 हजार रुपए की चोरी हो गई थी।

### बकरा-बकरी चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बकरा बकरी चोरी कर बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम सेवार व सारधासे 37 नग बकरी बकरी चोरी हो गई थी। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोरी करने वाले हेमराज साहू पिता परसराम 18 साल चिंगराजपारा, नजीर खान उर्फ मजीद खान पिता शहीद खान 20 सा चिल्हाटी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# न्यायिक अफसरों व जजों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अनुशंसा पर रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव ने हायर ज्यूडिशियल सर्विस से जुड़े न्यायिक अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर-चांपा शक्ति सिंह राजपूत का अंबिकापुर सरगुजा, रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट खिलावन राम रिगरी का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोंडागांव, प्रधान जिला एवं सत्र परिवार न्यायालय जांजगीर संघरत्ना भटपहरी का कबीरधाम कवर्धा, जयदीप गर्ग विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोरबा से जांजगीर-चांपा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुमित कूर एडीशनल रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट को रजिस्टार न्यायिक स्थापना, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार कोहली जगदलपुर से एडीशनल डायरेक्टर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर। सप्तम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिग्विजय सिंह रायपुर से एडीशनल डायरेक्टर न्यायिक अकादमी बिलासपुर, अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार उपाध्याय रायपुर से एडीशनल रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट, परिवार न्यायाधीश लीलाधर सारथी कवर्धा से विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोरबा तबादला किया गया है। इसी तरह सिविल जज जूनियर अंकिता अग्रवाल भाटापारा से महासमुंद, कुमारी दिव्या गोयल सक्ती से जशपुर, शैलेष कुमार वशिष्ठ बलरामपुर से दुर्ग, हरषी अग्रवाल राजनांदगांव से जगदलपुर, कुमारी मीनू नंद धमतरी से दंतेवाड़ा, श्रीमती काम्या घरघोड़ा से बलौदाबाजार, सिद्धार्थ आनंद सोनी कटघोरा से नवागढ़ जांजगीर, तन्मय ब्रहम्म महासमुंद से बिलासपुर, कु. श्वेता ठाकुर बचेली से रायपुर, विनय कुमार साहू सरायपाली से धमतरी किया गया है।

इसी तरह कुं. प्रेरणा वर्मा बिलाईगढ़ से कटघोरा, कु. पारूल साय अंबिकापुर से महासमुंद, कु. मिनी ठाकुर रायपुर से घरघोड़ा, कु. रिद्धि बुरड़ रायपुर से भाठापारा, ओम चौहान रायपुर से बैकुंठपुर, सिद्धार्थ देवांगन रायपुर से बिलाईगढ़, अंकिता देवदास रायपुर से सक्ती, माला यादव बलौदाबाजार से बेमेतरा, प्रगति गुर्दे रायपुर से महासमुंद एवं सीमा लकड़ा का कोंडागांव से रायपुर तबादला किया गया है।

### जनगणना फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 23 से

**बिलासपुर।** भारत की जनगणना 2027 एवं राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अद्यतन कार्य के लिए जिले के विभिन्न ग्रामीण व नगरीय चार्जों हेतु फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। दो बैच में नियुक्त किये गये इन ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में 23 से 29 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। प्रथम बैच में ग्रामीण एवं नगरीय फिल्ड के 45 ट्रेनर्स को 23 से 25 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिनमें कोटा, रतनपुर, बेलगहना, तखतपुर, सकरी, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी, सीपत, पचपेड़ी, बिल्हा, बोदरी तहसील एवं नप कोटा, रतनपुर, तखतपुर, मल्हार, बिल्हा एवं बोदरी के ट्रेनर्स शामिल होंगे। द्वितीय बैच में नगर पालिक निगम बिलासपुर अंतर्गत 27 से 29 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-

रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
02 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411